वर्ष 40 अंक 36
Pages 12
Lucknow, Monday,
26 November 2018
LUCKNOW EDITION
Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

www.inextlive.com Published from **LUCKNOW** ● Agra ● Bareilly ● Dehradun ● Gorakhpur ● Jamshedpur ● Kanpur ● Meerut ● Patna ● Prayagraj ● Ranchi ● Varanasi

सेमिनार में बोलते वक्ता.

कहीं पानी न बन जाए तीसरे विश्व युद्ध का कारण

LUCKNOW (25 Nov, inext): यदि जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह विश्व युद्ध का कारण बन सकता है. यह बात पर्यावरणविद् व जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में चल रहे दो दिवसीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में कही.

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के कार्यक्रम में बोले जल पुरुष राजेंद्र सिंह

दोहन पर नहीं दिया ध्यान

राजेंद्र सिंह ने कहा कि आजादी के समय देश में पर्याप्त जल उपयोग के लिए था. इसके संचय और अत्यधिक दोहन पर ध्यान नहीं दिया गया. जिससे आज जल भंडारण की क्षमता कम हो रही है और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है. जल ही जीवन का आधार है. अगर इसे नष्ट करते रहे तो भविष्य में जीवन संकटग्रस्त होगा. वैज्ञानिक सीएम नौटियाल ने कहा कि तापमान को प्रभावित करने वाले कई कारक हैं, ग्रीन हाउस गैस उन्हीं में से एक है. बीबीएयू के प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि बढ़ते तापमान के प्रभाव सामने आने लगे हैं.